Shape of Face:-

फेस रीडिंग अर्थात् किसी के मुख की आकृति को देखकर उस व्यक्ति के बारे में जान लेना होता है। वह व्यक्ति किस प्रकृति का है, किस प्रवृत्ति का है तथा उसकी क्या विचारधारा है। आज हम इस विषय पर चर्चा करते हैं।

व्यक्ति के चेहरे की आकृति पांच प्रकार की होती है:-

1. वर्गाकार
2. उल्टे घड़े के समान
3. वृत्ताकार
4. शूर्पाकार
5. अंडाकार

- वर्गाकार मुखाकृति वाले व्यक्ति पृथ्वी तत्व प्रधान होते हैं।
- उल्टे घड़े के समान आकृति वाले व्यक्ति आकाश तत्व प्रधान होते हैं।
- वृत्ताकार मुखाकृति वाले व्यक्ति जल तत्व प्रधान होते हैं।
- शूर्पाकार मुखाकृति वाले व्यक्ति अग्नि तत्व प्रधान होते हैं।
- तथा अंडाकार मुखाकृति वाले व्यक्ति वायु तत्व प्रधान होते हैं।

❖ वर्गाकार मुखाकृति वाले व्यक्तियों के चेहरे की आकृति चतुष्कोण के आकार की होती है। ऐसे व्यक्ति हृष्ट - पुष्ट होते हैं। इनका स्वास्थ्य अच्छा होता है तथा ऐसे व्यक्ति परिश्रमी होते हैं। ऐसे व्यक्ति आराम पसंद जीवन जीना चाहते हैं। ऐसे व्यक्तियों में हठधर्मिता होती है। ऐसे व्यक्ति दृढ़ सिद्धांतों के होते हैं।
यदि वर्गाकार मुखाकृति के स्त्री जातक का वर्णन करें तो ऐसी स्त्रियां व्यवहार कुशल तथा कर्मठ होती है। ऐसी स्त्रियां भारी शरीर की होती है। चरित्र की दृष्टि से दुर्बल कही जा सकती है।

❖ घड़े के समान मुखाकृति उल्टे घड़े के समान होती है। ऐसे व्यक्तियों के चेहरे पर ओज होता है और उनकी आंखें चमकीली होती है। ऐसे व्यक्ति तेजस्वी, आध्यात्मिक, एकांतप्रिय तथा महत्वाकांक्षी होते हैं। ऐसे व्यक्ति उच्च पद प्राप्त करते हैं तथा सामाजिक जीवन जीते हैं।

❖ वृत्ताकार मुखाकृति वृत्त के समान होती है। ऐसे व्यक्ति का चेहरा गोल होता है तथा भरा हुआ होता है। ऐसे व्यक्ति प्रसन्न चित्त, मिलनसार, कल्पनाशील तथा भावुक होते हैं। ऐसे व्यक्ति आराम करना पसंद करते हैं तथा

कार्य को बीच में ही छोड़ सकते हैं। इनके मन में प्रायः निराशावादी विचार आते रहते हैं।

वृत्ताकार मुखाकृति वाली स्त्रियाँ चंचल, उदार, पतिव्रता और सुंदर होती है। ऐसी स्त्रियाँ रोगी तथा निराशावादी होती है।

- ❖ शूर्पाकार मुखाकृति वाले व्यक्ति का चेहरा शूर्प के समान होता है। इनका ठोड़ी वाला भाग संकरा होता है तथा ललाट वाला भाग चौड़ा होता है। ऐसे व्यक्ति जिद्दी, अभिमानी, स्पष्ट वक्ता, साहसी, बुद्धिमान तथा चिंतक होते हैं। ऐसे व्यक्ति पूर्ण शक्ति से विवाद करना पसंद करते हैं। ऐसे व्यक्ति अकस्मात क्रोधी हो जाते हैं तथा हिंसा करने पर उतारू हो जाते हैं।

शूर्पाकार मुखाकृति की स्त्रियाँ वाचाल तथा असहिष्णु होती है। ऐसी स्त्रियां प्रायः क्रोध करती है तथा गृहस्थ जीवन में कम ही सफल होती है। ऐसी स्त्रियां नेतृत्व पसंद होती है।

- ❖ अंडाकार मुखाकृति के जातक का चेहरा अंडे के समान होता है। ऐसे व्यक्ति सामान्य कद के और सुंदर आंखों वाले होते हैं। ज्ञान प्राप्ति, स्वच्छंदता, आशावाद, तथा तर्कवादी होते हैं। ऐसे व्यक्ति शांति की तलाश में रहते हैं। ऐसे व्यक्ति हास्य मैं निपुण, सत्यवादी तथा चिड़चिड़े स्वभाव के होते हैं।

अंडाकार मुखाकृति की स्त्री जातक सामान्यतः अच्छी जीवनसंगिनी होती है और सरलता उसका गुण होता है।